<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**14 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश भर में आज मनायी जा रही है भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती। सभी जिलों में हो रहे हैं विविध कार्यक्रमों के आयोजन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा का उद्‌घाटन। उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड से गुजरता है दो सौ तेरह किलोमीटर का सिक्स लेन गलियारा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में नौ सौ इक्यावन करोड़ रुपए से अधिक लागत की चार सौ तेइस परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा–प्रदेश में अशान्ति फैलाने का षड्‌यंत्र कर रहे हैं कुछ लोग।
- गौतम बुद्ध नगर में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों ने किया उग्र प्रदर्शन। औद्योगिक सौहार्द् और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये शासन ने उच्चस्तरीय समिति का किया गठन।

**********

भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती आज प्रदेश भर में मनायी जा रही है। इस अवसर पर सभी जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती पर एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अन्त्योदय और लोक कल्याण के प्रति समर्पित मां भारती का अमूल्य रत्न बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि डॉक्टर आम्बेडकर का प्रेरक जीवन हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेगा। बाबा साहेब की जयंती पर आज शाम चार बजे लखनऊ स्थित आम्बेडकर महासभा कार्यालय परिसर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक भी शामिल होंगे। प्रदेश भर में डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के कार्यक्रम सुबह से ही प्रारम्भ हो चुके हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सहारनपुर में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे के ऊंचे खंड पर बने वन्य जीव गलियारे की समीक्षा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री देहरादून में इस आर्थिक गलियारे का उद्‌घाटन कर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित केन्द्र और प्रदेश के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से गुजरता है। छह लेन वाला दो सौ तेरह किलोमीटर लंबा यह गलियारा बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह गलियारा दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को वर्तमान छह घंटे से घटाकर लगभग ढाई घंटे कर देगा। प्रधानमंत्री के आज होने वाले कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। कल नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

***21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णय में से एक महत्वपूर्ण निर्णय ये है नारी शक्ति को समर्पित है, नारी शक्तिबंधन को समर्पित है। हमारे देश के सांसद एक नया इतिहास रचने के करीब है, एक ऐसा नया इतिहास जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।***

प्रदेश के कई जिलों में इस सम्मेलन का सजीव प्रसारण देखा गया।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन सांसद खेल महाकुंभ का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि बीते ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब पांच हज़ार करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

***पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में एक खेल का नया युग प्रारंभ हुआ है। खेलो इंडिया अभियान के तहत हमारी सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब करीब पांच हजार करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। लखनऊ में भी खेल सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुजफ्फरनगर में 951 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 423 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार प्रदेश में सुरक्षा सुशासन

सेवा का मॉडल खड़ा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग प्रदेश में अशांति फैलाने का साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा श्रमिकों के साथ खड़ी है।

***मैं अपील करूंगा सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कार्मिकों से और औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों से भी। ये डबल इंजन की सरकार आपके साथ कैसे खड़ी होती है। कोरोना कालखंड में आपने देखा होगा जब कोरोना की परवाह के बगैर हमारी सरकार ने कार्मिकों को गाड़ियां उपलब्ध करवाई। उनको क्वारंटीन सेंटर में रखवाने की व्यवस्था की। उनके लिए सभी प्रकार की फ्री सुविधा उपलब्ध करवाकर के उनको उनके घरों तक पहुंचाने का काम किया।***

कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि सबको समान अवसर मिले, सबके प्रयास और श्रम का सम्मान हो, केंद्र सरकार इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।

**********

गौतम बुद्ध नगर में वेतनवृद्धि की मांग को लेकर बीते कई दिनों से आन्दोलनरत श्रमिकों ने कल सेक्टर–62 से लेकर सेक्टर–82 तक उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के वाहन क्षतिग्रस्त करने और आगजनी का मामला भी सामने आया। प्रदर्शन पर काबू पाने के लिये पुलिस ने आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने श्रमिकों से अपील की है कि उनकी ज्यादातर मांगे मान ली गई हैं। ऐसे में शांति बनाए रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

इस बीच, प्रदेश सरकार ने सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति ने गौतमबुद्धनगर पहुंच कर अपना कार्य शुरू भी कर दिया है। वहीं प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण भी गौतमबुद्धनगर की स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों और आमजन से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने कहा कि नियोक्ता संगठनों को निर्देशित किया गया है कि वे श्रमिकों को समय पर वेतन, ओवर टाइम भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, बोनस और समाजिक सुरक्षा के सभी अधिकार सुनिश्चित करें।

सरकार ने श्रमिकों की मजदूरी पर एक अप्रैल से इक्कीस प्रतिशत तक की अंतरिम बढ़ोत्तरी का निर्णय किया है। गौतमबुद्ध नगर में हिंसा को श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सुनियोजित साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य के विकास और शान्ति व्यवस्था को बाधित करने के उद्‌देश्य से करायी गयी प्रतीत होती है। एजेंसियां पूरे मामले की गम्भीरता से जांच कर रही हैं। श्रम मंत्री ने कहा कि सरकार श्रमिकों की हर बात सुनने को तैयार है।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर क्षेत्र के सभी पूरक और सप्तर्षि मंदिरों में कल से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हो गए है। सुगम और अति विशिष्ट पास धारक श्रद्धालु अब राममंदिर में रामलला और राम परिवार के साथ परकोटे के छह पूरक मंदिर, शेषावतार मंदिर, सप्तर्षि मंदिर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर का दर्शन कर सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया–

***ऐसे जो श्रद्धालु सामान्य दर्शन के लिए पधार रहे हैं, उनको उसमें प्रति दो घंटे 500 लोगों को पास आनलाइन बनाकर के आने की व्यवस्था शुरू की गई है। जो पास लेकर के आएंगे वो रामलला के दर्शन करेंगे और फिर सप्तर्षि मंदिर शेषावतार में जाएंगे।***

**********

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की विशेष अदालत ने अलकायदा से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद माड्यूल के तीन आतंकियों को उम्र कैद की सजा सुनायी है। अदालत ने मिनहाज, तौहीद और मशरुद्दीन को प्रदेश में सीरियल ब्लास्ट करने की साजिश रचने के आरोप में दोषी करार दिया।

**********